प्रेस नोट

बैंक अध्यक्ष ने सौंपी ट्रेक्टर की चाबी

जिला सहकारी बैंक द्वारा कस्टम हायरिंग योजनांतर्गत, ट्रेक्टर एवं कृषि सहायक यंत्रों के लिए 34 लाख के ऋण स्वीकृत

विदिशा 14.06.2017

जिला सहकारी बैंक विदिशा की शाखा देवखजूरी में आज बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा द्वारा हितग्राही श्री प्रीतम सिंह दांगी ग्राम सेमरा सूखा एवं श्री वीरेन्द्र सिंह दांगी ग्राम जमाल्दी को ट्रेक्टर की चाबी सौंपी। बैंक अध्यक्ष ने हितग्राहियों को बधाई दी।

उक्त ऋण कस्टम हायरिंग योजनांतर्गत बैंक शाखा देवखजूरी द्वारा क्रमशः रू. 1869900.00 (रूपये अठारह लाख उनहत्तर हजार नौ सौ), रू. 1537500.00 (रुपये पंद्रह लाख सैंतीस हजार पांच सौ) के ट्रेक्टर एवं अन्य सहायक कृषि यंत्रों की खरीदी हेतु स्वीकृत किये गये। परियोजना अंतर्गत हितग्राही द्वारा ऋण आवेदन ट्रेक्टर, एवं कृषि सहायक यंत्रों के लिए शाखा देवखजूरी के माध्यम से प्रस्तुत किये गए बैंक द्वारा 07 वर्ष की अवधि हेतु ऋण स्वीकृत किया गया है। योजनांतर्गत शासन द्वारा 40 प्रतिशत का अनुदान सीधे हितग्राही के ऋण खाते में जमा होता है।

बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा अनेक प्रकार की किसान हितैषी योजनायें चल रहीं हैं कस्टम हायरिंग उन्हीं में से एक है। बैंक अध्यक्ष ने शाखा देवखजूरी से संबद्ध किसानों से चर्चा की और जल्द ही सभी किसानों को के. सी. सी. राशि का भुगतान हो इस बाबत शाखा प्रबंधक को निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि वे स्वयं ही किसानों बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं से अवगत हो रहे है और शीघ्र निराकरण कर रहे हैं।

इस अवसर पर समिति देवखजूरी के अध्यक्ष श्री रामलाल शर्मा, शाखा प्रबंधक श्री सूर्यप्रकाश शर्मा, समिति कोलिंजा के अध्यक्ष जसपाल सिंह रघुवंशी, श्री मुकेश शर्मा कागपुर, जगदीश प्रसाद चौधरी, राजेंद्र शर्मा, सीताराम, राजाराम नरवरिया,घनश्याम सिंह दांगी, प्राण सिंह रघुवंशी, शंभु सिंह रघुवंशी, भवानी सिंह चितोरिया, अखलेश रघुवंशी कागपुर, राजेन्द्र सिंह, रामबाबू दुपारिया सहित शाखा देवखजूरी के कर्मचारीगण अनेक लोग उपस्थित थे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
विदिशा

प्रति,

प्रतिनिधि / ब्यूरो चीफ

दैनिक ....

विदिशा